# वर्षों बाद विन्ध्य से सीधे जुड़ी देश की औद्योगिक राजधानी

## मुम्बई स्पेशल ट्रेन अब हर दिन सुपरफास्ट होकर रीवा से चलेगी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 अप्रैल. चार वर्ष पहले स्पेशल के रूप में शुरू हुई रीवा-मुंबई ट्रेन गुरुवार को पहली बार अपने पुरानी समय सारिणी के साथ नए नम्बर से सुपरफास्ट के रूप में एक गरिमामय कार्यक्रम के साथ रवाना की गई। इस दौरान संसद सदस्य जनार्दन मिश्रा व एडीआरएम ने फ्लैग ऑफ किया। यात्रियों ने इस ट्रेन के नियमित कर दिए जाने पर हर्ष व्यक्त किया।**

जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत रीवा रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को गा?ी संख्या 20154/20153 रीवा-सीएसएमटी (मुंबई) एक्सप्रेस को नियमित सेवा के रूप में प्रारंभ किया गया। यह क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जनार्दन मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता, एएससी बीपी कुशवाहा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। इस ट्रेन के नियमित संचालन से रीवा क्षेत्र को मुंबई सीएसएमटी एवं जबलपुर जैसे प्रमुख शहरों से सीधा रेल संपर्क प्राप्त हुआ है, जिससे क्षेत्र में आवागमन, व्यापार, शिक्षा एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। फ्लैग ऑफ कार्यक्रम लगभग 3.30 बजे शुरू हुआ और 20 मिनट के संक्षिप्त कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन रीवा एवं आसपास के क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा इस ट्रेन की मांग की जा रही थी, जो आज पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन केवल एक परिवहन सुविधा नहीं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास का माध्यम है। इसके माध्यम से क्षेत्र के लोगों को मुंबई जैसे महानगर एवं जबलपुर जैसे औद्योगिक शहरों से सीधा संपर्क मिलेगा, जिससे व्यापार, रोजगार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। उन्होंने भारतीय रेलवे एवं जबलपुर रेल मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रेलवे द्वारा जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में क्षेत्र के विकास एवं रेल सुविधाओं के विस्तार हेतु वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे।





### थर्ड एसी के 4 व स्लीपर के होंगे 12 कोच

रीवा से मुंबई के बीच नियमित रूप से चलने वाली गाड़ी संख्या 20153-54 दोनों दिशाओं में रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड़, नासिक रोड, कल्याण, दादर होकर सीएसएमटी स्टेशन पहुंचेगी। जबकि उक्त ट :न में 24 कोच शामिल किए गए हैं। जिसमें फर्स्ट एसी 1, सेकेंड एसी 1, थर्ड एसी 4, स्लीपर कोच 12, जनरल कोच 4 व एसएलआर के 2 कोच शामिल हैं।

### आम लोगों को बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध रेलवे



अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार ने स्वागत भाषण में सभी प्रतिनिधियों, अतिथिगण, मीडिया प्रतिनिधिगण एवं उपस्थित सभी नागरिकों का जबलपुर रेल मंडल की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जबलपुर रेल मंडल सदैव यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

# डरामलगंज घाटी में ट्रक की टक्कर से कार में लगी आग, कई जिंदा जले

## 11 लोगों की हादसे में हुई मौत, मौके पर पहुंचे मिर्जापुर कलेक्टर-एसपी

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 23 अप्रैल, हनुमना नगर से तकरीबन 15 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के डरामलगंज घाटी के बड़का मोड़ के पास आज उस समय चीख पुकार का भीभत्स आलम देखने को मिला जब तकरीबन रात्रि 8:30 बजे एक ट्रेलर ने एक बोलेरो को टक्कर मारी. जिससे बोलेरो दूर जाकर पलट गया और उसमें भीषण आग लग गई. कई लोग जिंदा जल गए, 11 लोगो की मौत की पुष्टि प्रशासन ने की है.**

आग इतनी भयंकर थी कि बोलेरो सवारों को निकलने का मौका तक नहीं मिला और उसमें सवार तकरीबन आधा दर्जन जिंदगियां धूं-धूं कर जिंदा जल गई. वहीं दूसरी ओर ट्रेलर बोलेरो को धक्का मारने के बाद बोलेरो के आगे जा रहे दूसरे स्विफ्ट डिजायर कार पर जाकर चढ़ गया जिससे उक्त कार में सवार लोगों में जहां चीज पुकार मच गई वहीं जब तक लोग आते और मामला समझ पाते तब तक सभी के सभी लोग काल के गाल में समा चुके थे. रात तकरीबन 8:30 बजे के करीब यह भीषण हादसा हो गया जिसमें जहां 6 लोग बोलेरो में जिंदा जल गए वहीं ट्रेलर की चपेट में आए दूसरे कार के अंदर कितने लोग मौत के गाल में समा गये. एकमात्र चालक या खलासी को जिंदा गंभीर रूप से घायल निकाला गया जिसे तत्काल एम्बुलेंस सेअस्पताल भेजा गया.



घटना की सूचना लगते ही कुछ ही छड़ों बाद मिर्जापुर कलेक्टर पवन कुमार गंगवार एवं एसपी अपर्णा रजत कौशिक प्रशासनिक अमले के साथ पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया. लेकिन तब तक जहां बोलेरो सवार धूं धूं कर जल चुके थे वही ट्रेलर के चपेट में आए कार में सवार लोगों को भी निकालने का प्रयास किया जा रहा था कि शायद कुछ जिंदगियां बच जाए लेकिन अभी तक निकल गए सभी के सभी मौत के गाल में जा चुके थे.इधर घटना की सूचना पाकर तत्काल समाजसेवी पिंटू गुप्ता अपने सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच स्वयं राहत एवं बचाव कार्य में जहां जुटे दिखे. समाजसेवी पिंटू केसरी ने उपरोक्त घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए समस्त परिजनों को 50-50 लख रुपए तथा तथाघायलों को 25 लाख रुपए शासन से शासन उपलब्ध कराने की मांग करने के साथ ही कहा है कि यह घाटी मौत की घाटी बन चुकी है. घटना के बाद एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने घटना में 11 लोगों के मौत की पुष्टि की है. वही अभी और भी इस संख्या में बढ़ोतरी होने की आशंका जताई जा रही है.



# मृत बाघ का पीएम के बाद हुआ शवदाह

## सदस्यों की उपस्थिति में हुई कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 23 अप्रेल. गत 21 अप्रेल को पन्ना टाइगर रिजर्व के गंगऊ अभयारण्य की बीट कररिया में लगभग 10 से 15 दिन पुराना बाघ का नर कंकाल मिला था, जिसका विधिवत पीएम कराने के बाद अंतिम संस्कार समिति सदस्यों की उपस्थिति में किया गया।**

क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व के अनुसार उपरोक्त मामलें में एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा- निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास छानबीन की कार्यवाही की गई।

पोस्टमार्टम वन्यजीव चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रियंका सिंह, पशुचिकित्सा अधिकारी पन्ना के द्वारा किया गया है। वन्यजीव बाघ की मृत्यु लगभग 10 से 15 दिन पूर्व होने के कारण शरीर क्षत-विक्षत अवस्था में पाये गये है।

### कार्रवाई के दौरान इनकी रही उपस्थिति

निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह की कार्यवाही ब्रिजेन्द्र श्रीवास्तव, क्षेत्र संचालक, देवेन्द्र कुमार अहिरवार, सहायक संचालक मड़ला, अखिलेश प्रजापति तहसीलदार पन्ना, श्रीमती अल्पना सिंह, सरपंच बड़ौर, एनटीसीए के प्रतिनिधि अयान दत्ता, वन्यजीव विशेषज्ञ विन्टू गुप्ता, जागृति एनजीओ के प्रतिनिधि, सागर शुक्ला परिक्षेत्र अधिकारी, पन्ना गगऊ अभयारण्य एवं वन अमले की उपस्थिति मे की गई।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ऑटो को मारी टक्कर

## आधा दर्जन घायल, लोगों दिखाई तत्परता





**नवभारत न्यूज**

**सीधी,23 अप्रैल. शहर के विजय फिलिंग पेट्रोल पंप के पास आज शाम 6.20 बजे रफ्तार का कहर देखने को मिला। सीधी से भेलकी की ओर जा रहा एक ऑटो विजय फिलिंग के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बिना नंबर की स्कॉर्पियो से जा भिड़ा।**

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो में सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों में आरती यादव पत्नी शिवलाल यादव 36 वर्ष निवासी भेलकी, सुधा यादव पत्नी राजीव यादव 32 वर्ष निवासी कोठार, प्रकाश यादव पिता राजीव यादव 10 वर्ष निवासी कोठार, कलावती पत्नी रामलाल यादव 60 वर्ष निवासी भेलकी, पिंटू यादव पिता रामलाल यादव 27 वर्ष निवासी भेलकी ऑटो चालक शामिल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। स्कॉर्पियो वाहन बिना नंबर का बताया जा रहा है। कोतवाली पुलिस ने स्कॉर्पियो को पकड़ लिया है। स्कार्पियो चालक से पूंछताछ जारी है।

### इनका कहना है

सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। स्कार्पियो को जप्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। पुलिस की विवेचना चल रही है।

**अभिषेक उपाध्याय,**
ननि कोतवाली थाना सीधी

# कलेक्टर ने 18 अधिकारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 अप्रैल, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर 18 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.**

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण न करने के कारण अधिकारियों को नोटिस जारी कर तीन दिवस में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करने के निर्देश दिये गये हैं. कलेक्टर ने कहा है कि सीएम हेल्पलाइन शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना है. जिसमें सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का कर्तव्य है कि शिकायतों का समयबद्ध, उत्तरदायित्व पूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाय. उन्होंने अधिकारियों द्वारा संतुष्टिपूर्वक निराकरण न किये जाने पर मार्च माह की ग्रेडिंग में जिले की स्थित सम्मानजनक न होने पर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए नोटिस जारी किया है. कलेक्टर द्वारा प्राचार्य शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ, सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा, सहायक संचालक पिछड़ावर्ग श्रीमती सुमन द्विवेदी, आरएचईओ उद्यानिकी श्रीमती शालिनी पाण्डेय, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम कमलेश तांडेकर, महाप्रबंधक एमपीआरडीसी मोहित कैन, सहायक यंत्री मैकेनिकल पीएचई सुधांशु शर्मा, नोडल अधिकारी शहरी स्वास्थ्य केन्द्र, डॉ. जेबी गौतम, सीईओ जनपद श्रीमती प्राची चौबे, प्रभारी खनिज निरीक्षक वीर सिंह, प्रभारी सहायक यंत्री नगर निगम राजेश मिश्रा, प्रभारी सहायक यंत्री नगर निगम पीएन शुक्ला, पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह तोमर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अम्बरीश दुबे, कनिष्ठ अभियंता विद्युत मंडल सतानंद तिवारी, कनिष्ठ अभियंता उमेश कुमार द्विवेदी, ईईआरईएस बीडी कोरी एवं संभागीय पेंशन अधिकारी तोकानंद तेकाम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.

# होटल के कमरे में मिली युवक-युवती की लाश, प्रेम प्रसंग की आशंका

▶ मौके पर पहुंचे परिजन और पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 अप्रैल, शहर के समान थाना क्षेत्र में स्थित होटल अंपायर के कमरे में युवक और युवती की लाश मिली है. घटना की खबर लगते ही परिजन और पुलिस होटल पहुंचे और वहां से दोनों के शव को संजय गांधी अस्पताल भेजा गया.**

बताया जा रहा है कि युवक और युवती एक ही गांव के रहने वाले थे, जो एक दिन पूर्व अपने-अपने घर से निकलने के बाद गायब हो गए और आज दूसरे दिन रीवा शहर के ही बाईपास में स्थित होटल अंपायर के कमरे में उनकी लाश पाई गई. फिलहाल पुलिस द्वारा अब परिजनों से घटना की जानकारी जुटाते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है, वहीं युवक और युवती के मौत के कारणों का भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है. मृत हालत में मिले युवक की पहचान सतना जिले के रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र ग्राम बेला निवासी रवि साकेत उम्र 25 वर्ष और युवती की पहचान काजल साकेत उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बेला के रूप में की गई है. वहीं यह पूरा मामला युवक और युवती के बीच प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है. घटना के संबंध में युवती के चचेरे भाई प्रमोद साकेत ने बताया है कि युवक और युवती एक ही गांव के रहने वाले थे और उनके बीच प्रेम संबंध थे. बताया गया की एक दिन पूर्व युवती घर से शॉपिंग पर जाने की बात कहकर निकली थी, जिसके बात से वह वापस घर नहीं लौटी. वही युवती की पता तलाश करने पर पता चला कि युवती के साथ गांव का ही रहने वाला रवि साकेत भी गायब है. फिलहाल परिजन युवक और युवती की तलाश कर ही रहे थे तभी आज दूसरे दिन गांव के ही एक युवक ने उनके मौत की सूचना दी, जिसके बाद परिजन रीवा में स्थित अंपायर होटल पहुंचे और सूचना पुलिस को दी. फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है और मर्ग कायम कर मामले को की जांच शुरू कर दी है.

# ओव्हरब्रिज निर्माण में बाधा बने हनुमान मंदिर की मूर्ति का किया गया स्थानांतरण

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 23 अप्रैल। बरगवां नगर परिषद क्षेत्र के बीच बाजार में स्थित हनुमान मंदिर की मूर्ति को प्रशासन ने विधिवत रूप से दूसरे स्थान पर स्थापित करा दिया है।**



यह कदम ओवरब्रिज निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से उठाया गया। लंबे समय से सड़क के बीच स्थित इस मंदिर के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा था, जिससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। जानकारी के अनुसार बरगवां बाजार में बन रहे ओवरब्रिज का कार्य तेजी से पूरा कराने के लिए प्रशासन ने योजना बनाकर मंदिर की मूर्ति को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। इस कार्यवाही को अंजाम देने के लिए बरगवां तहसीलदार दीपेंद्र सिंह तिवारी अपने राजस्व अमले और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पूरे विधि-विधान और धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए मूर्ति को सावधानीपूर्वक हटाकर निकट स्थित दूसरे मंदिर में स्थापित कराया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि इस प्रक्रिया में स्थानीय लोगों की भावनाओं का पूरा ध्यान रखा गया है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। वहीं मूर्ति स्थापना के दौरान धार्मिक रीति-रिवाजों का भी पालन किया गया। मूर्ति के स्थानांतरण के बाद अब ओवरब्रिज निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने भी यातायात सुगमता को देखते हुए प्रशासन के इस निर्णय का समर्थन किया है।

# चोरों ने मोबाइल दुकान से पार किया लाखों का माल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 अप्रैल, शहर में चोरों ने एक बार फिर बड़े ही शातिराना अंदाज से चोरी की वारदात को अंजाम दिया है.**

चोरों ने बकायदा गैलेंडर मशीन से दुकान का ताला काटा फिर दुकान में रखे नए पुराने मोबाइल व एसेसरीज सहित ढाई लाख का सामान पार कर दिया. खास बात यह है कि चोरों ने गैंस सिलेण्डर की मारा मारी के बीच दुकान में रखा भरा हुआ गैस सिलेण्डर भी अपने साथ ले गए. चोरी की यह घटना बीती रात शहर के चोरहटा थाना अन्तर्गत करहिया स्थित इमली चौराहे की बताई गई, जहां संचालित अनुज मोबाइल रिपेयरिंग नाम की दुकान में चोरो ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया. घटना के संबंध में दुकान संचालक ने बताया कि बीती रात दुकान में हुई चोरी की घटना की जानकारी आज सुबह हुई. पीड़ित ने सुबह जब दुकान पहुंचकर देखा तो ताला कटा हुआ था और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था. दुकान संचालक की माने तो चोरों ने मशीन चलाने के लिये बाहर लगे मीटर से तार जोड़कर कनेक्शन लिया और फिर मशीन से ताला काटकर दुकान का सामान पार कर दिया.



# दिशा बैठक में विकास की रफ्तार पर मंथन

## सांसद ने अफसरों को दी सख्त नसीहत

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 23 अप्रैल। कलेक्ट्रेट सभागार सिंगरौली में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की अहम बैठक का आयोजन सांसद डॉ. राजेश मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। जिला पंचायत सिंगरौली द्वारा आयोजित इस बैठक में जिले में चल रही विभिन्न शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।**

बैठक में विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, जपं अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की, जिस पर विस्तार से चर्चा करते हुए कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। सांसद ने विशेष रूप से सड़क निर्माण कार्यों की धीमी गति पर चिंता जताई और गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देशित किया।

रेलवे से जुड़े लंबित मुद्दों पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की गई। सांसद ने निर्देशित किया कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके अलावा नगर निगम, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की भी गहन समीक्षा करते हुए बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।

# नशे की लत पूरी करने के लिए वाहन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

▶ 3 मोटरसाइकिलें बरामद

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 23 अप्रैल. कोतवाली पुलिस ने नशे की लत पूरी करने के लिए वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर 3 मोटरसाइकिलें बरामद करने में बड़ी सफलता पाई है।**

पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी की गुत्थी सुलझाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस के अनुसार दिनांक 18 अप्रैल 2026 को फरियादी रोहित गुप्ता एवं हुकुमलाल केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 अप्रैल 26 एवं 18 अप्रैल 26 की दरमियानी रात अज्ञात चोरों द्वारा उनकी तीन मोटरसाइकिलें (होंडा हॉरनेट, हीरो पैशन प्रो एवं हीरो एनएक्सजी) चोरी कर ली गई हैं। रिपोर्ट पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**पुलिस कार्रवाई एवं पूंछताछ का तरीका**-विवेचना के दौरान कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के वीडियो फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध अखिलेश विश्वकर्मा पिता हीरालाल विश्वकर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी बैरीहा को चिन्हित कर हिरासत में लिया शुरुआती पूंछताछ में आरोपी पुलिस को गुमराह करने के लिए लगातार टालमटोल करता रहा और घटना से अनभिज्ञता जताता रहा। किंतु जब पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य सामने रखे और कड़ाई से पूंछताछ की, तो आरोपी टूट गया और उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी ने पूंछताछ में खुलासा किया कि वह नशे का आदी है। अपनी नशे की लत और महंगे शौक पूरे करने के लिए उसके पास पैसे नहीं थे, जिसकी पूर्ति के लिए उसने वाहनों की चोरी करना शुरू किया।

### अग्रिम कार्रवाई एवं टीम

प्रकरण में अन्य आरोपियों की संलिप्तता के संबंध में तलाश जारी है। इस सराहनीय कार्य में निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, उप निरीक्षक विवेक द्विवेदी, प्रआर रण बहादुर सिंह, सूरज सिंह एवं आरक्षक अनुराग यादव की विशेष भूमिका रही।